उत्तर प्रदेश शासन
कृषि अनुभाग-1
संख्या- 19/2020/1532/12-1-20-907/2020
लखनऊः दिनांक 17 अगस्त 2020

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

श्री सुधीर कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (मैदानी योजना), झाँसी के विरूद्ध झाँसी के कार्यकाल में एन0एम0एस0ए0 योजनान्तर्गत संचालित परियोजना में अनियमित भुगतान, पं0 दीन दयाल उपाध्याय वाटर हार्वेटिंग चैकडेम (डब्ल्यू0एच0बी0) योजनान्तर्गत अधोमानक सामग्री क्रय करने एवं अपूर्ण मृदा कार्यों तथा बगैर पक्का कार्य निष्पादन कराये कार्यों को पूर्ण दर्शाकर अनियमित भुगतान करने, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत खेत, तालाब निर्माण योजना में लाभार्थियों का नियमानुसार चयन न करने तथा कार्य का बिना सत्यापन के भुगतान, आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत समतली कार्यो में लगभग 05 लाख की धनराशि का बगैर कार्य कराये भुगतान, नियमावली में प्रख्यापित व्यवस्था के अनुरूप भूमि संरक्षण आकार पत्र-17 प्रेषित न करने, निदेशालय से स्थानान्तरित/पदोन्नति कर्मचारियों को कार्यमुक्त न कर, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, चल-अचल सम्पत्ति की सूचना समय से न उपलब्ध कराने, निरीक्षण हेतु परियोजना सम्बन्धी अभिलेख उपलब्ध न कराने आदि अनियमितताओं के लिए अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित है। आयुक्त, झाँसी मण्डल, झाँसी द्वारा भी श्री सुधीर कुमार के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की गयी है।

अतः प्रशासनिक आधार पर श्री सुधीर कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी (मैदानी योजना, झाँसी) को स्थानान्तरित करते हुए उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर आजमगढ़ के पद पर तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान करते है ।

2- श्री सुधीर कुमार को निर्देशित किया जाता है कि वे नव तैनाती स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करके कार्यभार प्रमाणक, शासन को यथाशीघ्र उपलब्ध करायेगें ।

बृजराज सिंह यादव
विशेष सचिव ।

<u>संख्या- 19/2020/ 1532(1)/12-1-20-907/2020, तद् दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2) कृषि निदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
(3) अपर कृषि निदेशक (प्रशासन), कृषि भवन, लखनऊ।
(4) सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी ।
(5) सम्बन्धित कोषाधिकारी द्वारा कृषि निदेशक, उ0प्र0 लखनऊ।
(6) वित्त नियंत्रक, कृषि निदेशालय, कृषि भवन, लखनऊ।
(7) संबंधित अधिकारी ।
(8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

यतीन्द्र कुमार
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in